हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 16 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

13 आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सचिवालय में लगी जन जागरूकता प्रदर्शनी



14 अवैध निर्माणों पर डीटीपी प्रहार, गोदामों व मेरिज पैलेस पर चली जेसीबी, ग्रीन बेल्ट भी की साफ



## खबर संक्षेप

### एक्साइज एक्ट के तहत एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना बावल पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री मामले में गत वर्ष 17 जुलाई को केस दर्ज किया था। इस मामले में राजस्थान के निम्बास निवासी राजकुमार लगातार फरार चल रहा था। उस पर अवैध शराब की बिक्र में सलिप्त होने का आरोप है। पुलिस ने इस मामले में राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने 9 मई को हुए सड़क हादसे के बाद फरार आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है। इस हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया था। चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में गोकलगढ़ निवासी तरुण को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### बाबा मोहनदास मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा 23 से

**रेवाड़ी।** गांव भाड़ावास स्थित बाबा मोहनदास मंदिर में 23 जुलाई से 29 जुलाई तक श्रीमद् भगवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। गुरुग्राम से सुभाष यादव ने बताया कि मंदिर के महंत महाबीर दास के सानिध्य में 23 जुलाई को सुबह 9 बजे मंदिर से कलश व शोभा यात्रा निकाली जाएगी। प्रतिदिन सुबह 5 से 6:30 बजे प्रभात फेरी का आयोजन होगा। वृंदावन धाम से कथा वाचक ब्रह्मचारी शिवबली महाराज प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक कथा वाचन व भजन-कीर्तन करेंगे।

### अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस पर होगा जागरूकता कार्यक्रम

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित वर्मा के मार्गदर्शन में 17 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों का आयोजन गांव बिहारीपुर के आंगनवाड़ी सेंटर, गांव बुढ़ाना व गांव सुठानी में प्रातः 10 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में ग्रामीणों को नालसा की योजना के तहत नशा पीड़ितों के लिए विधिक सेवा एवं नशा उन्मूलन योजना 2015 के साथ-साथ 15100 विधिक सहायता हेल्पलाइन तथा नालसा विधिक सेवा पोर्टल के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया जाएगा।

### बाइक चोरी करने के मामले में एक और आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** डहीना चौकी पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव कंवाली निवासी योगेश उर्फ मोनू के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत वर्ष 29 सितंबर को गांव ढाणी ठेठरबाढ निवासी अभय सिंह किसी काम से अपनी बाइक पर गांव जैनाबाद निवासी अनुज के घर पर गया था। उसने बाइक अनुज के घर के बाहर खडी की थी, जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी गांव मसीत निवासी धर्मेन्द्र को पहले ही काबू कर लिया था तथा आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी धर्मेन्द्र ने बताया था की बाइक उसने गांव कंवाली निवासी योगेश उर्फ मोनू से पांच हजार रुपये में खरीदी थी। पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी योगेश उर्फ मोनू को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## पुल निर्माण का कार्य अधर में लटकने से बारिश के मौसम में आफत

# प्रमुख राजमार्ग का एक चौक बना 'दाग', हर दिन जाम में फंस रहे लोग, एनएचएआई नहीं ले रहा सुध

- सर्विस रोड टूटने के बाद लगातार बद से बदतर हो रहे हालात, गड्ढे में टायर जाने से एक ट्रॉले से कंटेनर सड़क पर गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी







**रेवाड़ी।** असाही फ्लाईओवर के सर्विस रोड पर फंसा ट्रक, गड्ढे में टायर जाने से हाइवे पर ट्राले से गिरा कंटेनर हटाती क्रेन, हाइवे पर कंटेनर गिरने से लगा जाम।

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे नं. 48 देश के प्रमुख राजमार्गों में से एक है। इस हाइवे पर दिल्ली से जयपुर के बीच रोजाना हजारों वाहनों का आवागमन होता है। बावल के पास बनीपुर चौक पर लगने वाला जाम इस हाइवे पर सबसे बड़ा दाग साबित हो रहा है। बारिश के मौसम में हाइवे की टूटी सर्विस लेन ने चार दिनों से वाहन चालकों की आफत बढ़ाई हुई है। सर्विस रोड पर मंगलवार को ट्रॉले का टायर गड्ढे में जाने से उस पर रखा कंटेनर सड़क पर गिर गया। इससे सर्विस लेन पर भी यातायात बाधित हो गया। इस प्रमुख राजमार्ग पर बनीपुर चौक पर सड़क हादसों को कम करने के लिए एनएचएआई ने करीब दो साल पहले ओवरब्रिज का निर्माण शुरू कराया था। इस पुल का निर्माण कार्य अभी भी अधर में लटका हुआ है। वाहनों को हाइवे की सर्विस लाइन से ही गुजरना पड़ता है। बारिश होने के बाद सर्विस रोड टूटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। इस वजह से दिल्ली और जयपुर के बीच अवागमन करने वाले वाहन इस चौक के आसपास आकर जाम में फंस जाते हैं। बारिश के दौरान जयसिंहपुर खेड़ा बैरियर तक लंबा जाम लग जाता है, जिसे खुलवाने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। सड़क पर बने गड्ढों में पानी भरने से वाहन अक्सर फंस जाते हैं, जिस कारण जाम के हालात भी बद से बदतर हो जाते हैं। जाम ज्यादा होने के कारण करीब एक किलोमीटर की दूरी तय करने में ही वाहन चालकों को एक से दो घंटे तक का इंतजार करना पड़ता है। जाम में फंसे वाहनों में महिलाओं से लेकर बच्चों तक को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। एनएचएआई की ओर से इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाए जा रहे, जिससे समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।

### गांवों की सड़कें भी हो गई बदहाल

मेन हाइवे पर जाम लगाने के बाद वाहन चालक अपने वाहनों को ग्रामीण मार्गों से निकालना शुरू कर देते हैं। राजस्थान के सीमावर्ती गांवों में सड़कों पर वाहनों की लाइन लगी रहती है। इससे ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें भी टूटने लगी हैं। गलियों में वाहन फंसने के कारण गांवों में भी जाम जैसे हालात बन रहे हैं। गांवों से बड़ी संख्या में वाहन गुजरने के कारण हादसों की आशंक भी बनी रहती है। अकेल बनीपुर चौक पर हालात बिगड़ने के कारण जाम का संकट पैदा हो रहा है।

### एनएचएआई नहीं ले रहा सुध

*सर्विस लेन क्षतिग्रस्त होने के कारण जाम के हालात बने रहते हैं। जाम खुलवाने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्त करनी पड़ रही है। बार-बार जमा से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूचना देने के बावजूद एनएचएआई के अधिकारियों ने सड़क की सुध नहीं ली है।*
*-विनोद शंकर, डीएसपी ट्रैफिक।*

### सर्विस रोड पर कंटेनर ट्राले से गिरा

असाही फ्लाईओवर के पैरेरल सर्विस रोड पर मंगलवार सुबह एक ट्रॉले का टायर गड्ढे में चला गया। इससे कंटेनर उछलकर रोड पर गिर गया। आसपास कोई वाहन या व्यक्ति नहीं होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। कंटेनर सड़क पर गिरने के बाद सर्विस रोड पर जाम लगा रहा। बाद में केरन की मदद से कंटेनर को ट्रॉले में रखा गया। काफी देर तक सर्विस रोड पर जाम लगा रहा। इसी रोड पर कुछ आगे चलकर एक ट्रक भी हाइवे के पानी निकासी नाले में धंस गया।



**रेवाड़ी।** पुलिस गिरफ्त में चोरी का आरोपी। फोटो :हरिभूमि

### फैक्ट्री से सामान चोरी करने के मामले में तीसरा आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** शहर थाना पुलिस ने दिल्ली रोड शिव नगर कॉलोनी में एक जंगला-चौखट बनाने वाली फैक्ट्री से सामान चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान धारूहेड़ा चुंगी रेवाड़ी निवासी नितेश के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 12 जुलाई को टीपी स्कीम निवासी जोनी जैन ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसने शिव नगर पार्ट-2 में एल्यूमिनियम के जंगले-चौखट बनाने की फैक्ट्री की हुई है। उसकी फैक्ट्री में राजस्थान के जिला खैरथल तिजारा के गांव झिरंडिया निवासी सुनील व सचिन काम करते हैं। दोनों कर्मचारी मिलकर फैक्ट्री से 40 एसीपी सीट, 10 जाली, एल्यूमिनियम का सामान व स्क्रैप चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामले ने संलिप्त दो आरोपी कर्मचारी सुनील व सचिन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सामान को बेच कर प्राप्त की गई रकम में से 80 हजार रुपए की राशी व वारदात में प्रयोग की गई बाइक को बरामद किया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सामान में से स्क्रैप को उन्होंने धारूहेड़ा चुंगी रेवाड़ी निवासी नितेश को 20 हजार रुपए में बेचा था। पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी नितेश को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी नितेश के कब्जे से साढ़े पांच किलोग्राम स्क्रैप व 10 हजार रुपए बरामद किए है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों पर शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

### 24 आरोपियों को पुलिस ने पहुंचाया हवालात






**रेवाड़ी।** पुलिस गिरफ्त में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के आरोपी, नारनौल रोड स्थित होटल जहां आरोपी पकड़े गए।

पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब के नशे में गाली गलौच करके आम जनता की शांति भंग करने के दो अलग-अलग मामलों में 24 आरोपियों को किया गिरफ्तार। इनमें दो होटल पर शराब पिलाने के दो आरोपी भी शामिल हैं। उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

थाना माडल टाऊन पुलिस टीम ने बावल रोड पर एमसीडी होटल के सामने सड़क के किनारे सार्वजनिक स्थान पर शराब के नशे में गाली गलौच करके आम जनता की शांति भंग करने के मामले 14 आरोपी देशराज गांव नौरंगाबाद जिला अलवर राजस्थान, जितेन्द्र निवासी गांव राजगढ़, बिरेन्द्र कुमार निवासी गांव मोठूका जिला सीकर राजस्थान, अवध सिंह निवासी गांव डयोढई, डबलू कुमार निवासी गांव धानापुर जिला पटना बिहार हाल किराएदार गांव जलियावास, अजय सिंह निवासी गांव जलालपुर, सचिन निवासी गांव जलालपुर, निकेश निवासी गांव नैहचाना की ढाणी, जितेन्द्र निवासी गांव नैहचाना की ढाणी, मोहित कुमार निवासी गांव सुरेहली, चेतराम निवासी गांव डालियाकी, दीपक कुमार निवासी गांव डालियाकी सहित उपरोक्त आरोपियों को शराब पीते समय नमकीन, चखना, पानी को बोतलें उपलब्ध कराने वाले एमसीडी होटल के दो कर्मचारी मनोज कुमार निवासी गांव दुरगढ जिला गुलमी नेपाल व तिलक बहादुर जोगी कुंवर निवासी गांव सिमिचोर जिला गुलमी नेपाल को काबू किया गया है।

### पुलिस चला रही विशेष अभियान

सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर लोगों की शांति भंग करने वाले लोगों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत ही इन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। नाकेबंदी के जरिए भी आपराधिक किस्म के लोगों की धरपकड़ की जा रही है।
**-हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी।**

### रामपुरा पुलिस ने भी काबू किए आरोपी

दूसरे मामले में थाना रामपुरा पुलिस टीम ने नारनौल रोड पर गोपाल देव चोक के नजदीक शराब के ठेके के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब के नशे में गाली गलौच करके आम जनता की शांति भंग करने के मामले आरोपी रोहित निवासी गांव रामपुरा, मुकेश कुमार निवासी गांव डहीना, संदीप निवासी गांव रामपुरा, अरुण निवासी गांव रामपुरा, रोहित निवासी गांव रामपुरा, सुमित निवासी मुगलसराय जिला बेगुसराय बिहार हाल किरायेदार राव तुलाराम विहार रेवाडी, योगेन्द्र निवासी गांव भाडावास, अनिल निवासी गांव नांगल मुंदी, राजीव रंजन सिंह निवासी मुगलसराय जिला बेगुसराय बिहार किरायेदार राव तुलाराम विहार रेवाडी काबू किया है।



**रेवाड़ी।** बच्चों को मधुमेह की जानकारी देते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### मधुमेह के कारणों, लक्षणो व प्रभावों की दी जानकारी

**रेवाड़ी।** पुलिस लाइन दिल्ली रोड स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में मंगलवार को शुगर बोर्ड गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने मधुमेह के बारे में जानकारी प्राप्त की और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व को समझा। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों ने मधुमेह के कारणों, लक्षणों, प्रभावों और प्रबंधन के तरीकों के बारे में जाना। उन्हें स्वस्थ आहार और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में भी सिखाया गया। स्कूल के प्राचार्य जॉय बैनर्जी ने कहा कि इस गतिविधि से बच्चों को मधुमेह के बारे में जागरूकता होगी, वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व को समझेंगे और स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जानने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

# टास्क के नाम पर 65 हजार रुपये की ठगी करने के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** पुलिस गिरफ्त में साइबर ठगी के आरोपी।

साइबर थाना पुलिस ने एक युवक से ऑनलाइन टास्क के नाम पर 65 हजार रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान यूपी के जिला बाराबंकी के गांव लालपुरवा हाल आबाद लखनऊ के केशव नगर निवासी आमिर खान व यूपी के जिला लखनऊ के गांव दसोली हाल आबाद लखनऊ के रहीम नगर निवासी अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 14 जून को गांव माजरा गुरदास निवासी ललित कुमार ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसने नौकरी के लिए अपना रिज्यूम गूगल पर डाल रखा था। गत 14 मई उसके व्हाट्सएप नंबर पर ऑनलाइन जॉब करने के लिए एक मैसेज आया था। जब उसने मैसेज से संबंधित व्यक्ति से बात की तो उसने उसे टास्क कंप्लीट करने पर पैसे देने की बात कही। इसके बाद आरोपी ने उसे टेलीग्राम पर अपनी एक आईडी बताई और कहा कि इस आईडी पर टास्क पूरा करने पर उसको अच्छा मुनाफा होगा। उसने झांसे में आकर आरोपी की ओर से बताए गए बैंक खाता में 15 हजार रुपये फोन-पे ये ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद आरोपी ने उसे बताया कि उसके 23 हजार रुपये हो गए है, जिनको निकालने के लिए उसको 50 हजार रुपये और जमा कराने होंगे। इसके बाद युवक ने उसको 50 हजार रुपये और ट्रांसफर कर दिए। आरोपी ने उससे 65 हजार रुपए अलग-अलग खातों में डलवा लिए। जब उसने यह राशि वापस पाने का प्रयास किया, तो उसे और पैसे जमा कराने के लिए कहा गया। उसे ठगी का पता चला। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के गांव सडियार निवासी कपिल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने मंगलवार को मामले में संलिप्त दो और आरोपी आमिर खान व अभिषेक कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## सात घंटे की चेकिंग में 12 ओवरलोड वाहन पकड़े, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर टीम की कार्रवाई

# सीएम फ्लाइंग और आरटीए टीम का ज्वाइंट एक्शन

- चेकिंग के बाद हाइवे से गायब हुए ओवरलोड वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





**रेवाड़ी।** एनएच-48 पर पकड़े गए ओवरलोड वाहन, कार्रवाई करते हुए आरटीए व सीए फ्लाइंग की टीम। फोटो :हरिभूमि

ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए एक बार फिर सीएम फ्लाइंग और आरटीए की ज्वाइंट टीम सड़क पर उतरी। रात को करीब सात घंटे की चेकिंग के दौरान एक दर्जन ओवरलोड वाहन पकड़े गए, जिनसे लाखों रुपये जुर्माना वसूला गया। इस कार्रवाई से ओवरलोड वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। बड़ी संख्या में चलने वाले वाहन हाइवे से गायब हो गए। सीएम फ्लाइंग के इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह और आरटीए कार्यालय के टीएसआई जसबीर सिंह अपने-अपने स्टाफ के साथ सोमवार की रात करीब 8 बजे दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर पहुंच गए। उन्होंने वाहनों की चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान 12 ओवरलोड वाहन टीम के हत्थे चढ़ गए। चेकिंग का कार्य मंगलवार तड़के तीन बजे तक चलता रहा। इस दौरान नेशनल हाइवे पर भी वाहनों की चेकिंग की गई। पकड़े गए वाहनों का वजन कराकर उनसे 5.87 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। सीएम फ्लाइंग की ओर से इससे पहले भी नेशनल हाइवे पर कई बार ओवरलोड वाहनों की चेकिंग की जा चुकी है। एनएच-48 से बड़ी संख्या में भवन निर्माण सामग्री लेकर ओवरलोड डंपर धारूहेड़ा, गुरूग्राम और फरीदाबाद की ओर निकलते हैं। ओवरलोड माफिया का सूचना तंत्र इतना मजबूत है कि चेकिंग शुरू होते ही चालकों को मैसेज भेज दिया जाता है। इसके बाद ओवरलोड डंपरों को जयसिंहपुर खेड़ा बॉर्डर के पास राजस्थान की सीमा में ही रोक दिया जाता है। राजस्थान की सीमा में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार आरटीए स्टाफ को नहीं है। रात को भी चेकिंग शुरू होने के बाद बड़ी संख्या में ओवरलोड डंपर राजस्थान की सीमा में रोक दिए गए, जिस कारण ज्यादा डंपर कार्रवाई की चपेट में आने से बच गए।



# रंगीन में दिखेगी धोखे और बदले की कहानी, जारी हुआ पहला पोस्टर

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर विनीत कुमार सिंह की अदाकारी वाली 'रंगीन' नाम की एक नई वेब सीरीज आ रही है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए प्लेटफॉर्म ने कैप्शन में लिखा है 'असली आंखें असली झूठ को महसूस कर लेती हैं।' 'अपनी पत्नी के विश्वासघात का पता चलने के बाद, एक सीधा-सादा पति बदला लेने के लिए अंतरंगता की दुनिया में जाता है। अपनी समझ से परे और अनजान, वह ऐसे अनुभवों से गुजरता है जिनमें वह खुद की खोज करता है।' इस सीरीज के नौ एपिसोड हैं जो 25 जुलाई से देखे जा सकते हैं। इससे पहले विनीत कुमार सिंह फिल्म 'छावा' में नजर आए थे।

लाइफ Style

# प्रीति

## पुरुष एक्टर्स की मांग पर नहीं उठता सवाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शूटिंग शिफ्ट की मांग को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में बहस छिड़ गई है। इस मामले पर कई सेलेब्स ने अपने विचार साझा किए हैं। ऐसे में इस मामले पर अभिनेत्री और बिजनेसवुमन प्रीति झंगियानी ने दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शिफ्ट की मांग का समर्थन किया है।

आपको बता दें दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट में काम करने के दौरान छह से आठ घंटे की ही शूटिंग करने की डिमांड रखी थी। इसकी वजह यह थी कि वह अपनी बेटी दुआ को भी समय देना चाहती थीं। उनकी इस मांग के बाद उन्हें फिल्म स्पिरिट से रिप्लेस कर दिया गया। उनकी जगह तृप्ति डिमरी को लिया गया। संदीप रेड्डी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट भी की थी, जिसमें दीपिका को भला-बुरा कहा था। इसके बाद इस मामले पर कई सेलेब्स की प्रतिक्रिया आई। प्रीति झंगियानी ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि आठ घंटे की शिफ्ट की मांग करना कुछ गलत है। खासकर जब कोई नई मां हो, तब तो यह एक बहुत ही जायज और समझदारी भरी मांग है। आठ घंटे की शिफ्ट दुनिया भर में स्टैंडर्ड मानी जाती है। मैं खुद एक्ट्रेस हूं और मैंने 13 से 14 घंटे तक की शिफ्ट्स की हैं। हमें फिल्म के लिए अपना सौ प्रतिशत देना होता है, यह हम जानते हैं। लेकिन जब पुरुष एक्टर्स छह बजे के बाद शूटिंग नहीं करते या समय से पहले पैकअप मांगते हैं, तो उस पर कोई सवाल नहीं उठता। फिर जब कोई महिला, खासकर एक्ट्रेस, अपने लिए एक सीमित वर्किंग टाइम की बात करती है, तो क्यों इतनी चर्चा और बहस होती है?'



हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रीट फाइटर में निभाएंगे भूमिका...

**लॉस एंजिल्स।** अपने एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड फिल्म में अपनी एंट्री करने जा रहे हैं। लाइव-एक्शन फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। यह एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित फिल्म है। विद्युत इसमें धालसिम के किरदार में नजर आएंगे। असल जीवन में मार्शल आर्ट में माहिर विद्युत जामवाल के इस फिल्म में आने से अब उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। धालसिम का उनका किरदार एक चमत्कारी फायर ब्रीथिंग योगी है।





# हैरी पॉटर सीरीज का प्रोडक्शन शुरू, पहला लुक जारी...

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर टीवी सीरीज का प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। निर्माताओं ने अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। सोमवार को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एचबीओ मैक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभिनेता डोमिनिक मैक्लॉघलिन की पहली तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी। तस्वीर में अभिनेता खास ड्रेस में हैरी पॉटर जैसे दिख रहे हैं। पहले लुक में देखा जा सकता है कि अभिनेता ने अपने हाथ में एक क्लैपबोर्ड लिया हुआ है। डोमिनिक मैकलॉघिन के ऊपर अब बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि वह उस भूमिका को निभाने जा रहे हैं, जिसे अभिनेता डैनियल रैडक्लिफ ने निभाया और दर्शकों का दिल जीता। तस्वीर में डोमिनिक, हॉगवर्ट्स स्कूल की ड्रेस में खड़े नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने हैरी पॉटर का गोल चश्मा पहना है।



# ऋतिक के साथ डांस करती दिखीं तृप्ति

**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड में तृप्ति डिमरी चर्चा में हैं। जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगी। इसी फिल्म की चर्चा के बीच वह ऋतिक रोशन के साथ डांस करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर ऋतिक और तृप्ति के डांस का वीडियो वायल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें तृप्ति डिमरी और ऋतिक रोशन कमाल के डांस मूव्स कर रहे हैं। ऋतिक ने व्हाइट टी-शर्ट और जैकेट पहनी हैं, वहीं तृप्ति भी व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं। एक सीन में तृप्ति के साथ ऋतिक डांस करते हुए दिखते हैं। फिर अगले सीन में तृप्ति अकेली डांस करती हैं। यूजर्स और ऋतिक, तृप्ति के फैंस जब ये वीडियो देखा तो जमकर रिएक्शन भी दिए हैं। कई फैंस ने तो अटकलें भी लगा ली कि दोनों फिल्म कृष की अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।



# कबीर बहिया ने शेयर की कृति संग फोटो

**मुंबई।** कृति सेनन का नाम पिछले कुछ वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। अक्सर दोनों कई मौकों पर साथ भी देखे गए। लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को लेकर कुछ भी नहीं कहा। कृति कई इंटरव्यूज में खुद को सिंगल ही बताती रहीं। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक करने की सोच रहे हैं। क्योंकि, कबीर बहिया की हालिया स्टोरी तो कुछ ऐसा ही बयां करती है। भारत और इंग्लैंड के बीच इंग्लैंड के लॉर्ड्स में खेले गए टेस्ट मैच के पांचवें दिन कई बॉलीवुड सेलेब्स भी मैच देखने पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेत्री कृति सेनन भी अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ इस मैच का लुत्फ उठाते दिखीं। दोनों की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आईं।

टीवी मसाला



# जेठालाल ने बिना डाइट-जिम के 45 दिनों में घटाया 16 किलो वजन

**नई दिल्ली।** दिलीप जोशी, जिन्हें फैंस जेठालाल के रोल में लंबे समय से चल रहे शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से फैंस पहचानते हैं, जिसे फाफड़ा और जलेबी जैसे ऑयली स्नैक्स से खूब प्यार है। लेकिन, हाल ही में उन्होंने अपने वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन से फैंस को हैरान कर दिया है। दरअसल, 57 वर्षीय एक्टर ने 16 किलो वजन केवल 45 दिनों में घटाया है। जबकि, हैरानी की बात यह है कि इसके लिए उन्होंने एक्सट्रीम डाइट या जिम में पसीना नहीं बहाया है। जबकि, सिंपल और ओल्ड स्कूल नियमों से वजन घटाया है। दिलीप जोशी ने अपनी सिंपल फिटनेस दिनचर्या को पूरी तरह से दौड़ने पर केंद्रित रखा। उन्हें प्रेरणा 1992 की गुजराती फिल्म 'हुन हुंशी हुंशीलाल' में एक वैज्ञानिक की भूमिका से मिली, जिसमें उन्होंने उस भूमिका को निभाया था। इस रोल को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए, उन्हें अपना वजन कम करना पड़ा था। इसी वजह से उन्होंने रोजाना 45 मिनट दौड़ने का फैसला किया, जो जल्द ही उनकी ज़िंदगी बदल देने वाली आदत बन गई। इसी रुटीन की बदौलत डेढ महीने में 16 किलो वजन घटाया वो भी बिना किसी ट्रेनर, स्पेशल डाइट और सप्लिमेंट्स के।

## इन सीरियल्स के जरिए मशहूर हुई दीपिका

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ ने टीवी पर कई सीरियल किए हैं, मगर उन्हें पहचान सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए मिली। अब दीपिका कक्कड़ के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो इन दिनों हेल्थ



इश्यूज के कारण वह काम नहीं कर पा रही हैं। सीरियल्स में नजर नहीं आ रही हैं। मगर वह यूट्यूब पर अपना लाइफस्टाइल व्लॉग चैनल चलाती हैं। इस व्लॉग में अपनी जिंदगी की हर छोटी-बड़ी बात को साझा करती हैं। अपनी हेल्थ प्रॉब्लम को भी इसी प्लेटफॉर्म के जरिए दीपिका कक्कड़ ने फैंस के साथ साझा किया था। एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लीवर कैंसर की सर्जरी हुई। वह इस सर्जरी के बाद ठीक हो ही रही हैं, इसी बीच ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ा एक टेस्ट भी करवाया है। दीपिका कक्कड़ कहती हैं, 'मेरी लीवर कैंसर की सर्जरी को लगभग डेढ़ महीना हो गया है। हां, हमने मैमोग्राफी भी की थी, क्योंकि लिम्फ नोड्स थे, तब डॉ. श्वेता ने कहा था कि सेफ्टी के लिए हमें इस टेस्ट को तीन महीने में दोबारा करवाना चाहिए।


# ओटीटी पर इस हफ्ते धमाल मचाएंगी हॉरर-कॉमेडी से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते सिनेमा के तीसरे पर्दे ओटीटी पर ढेरों फिल्में और सीरीज होती हैं। इस कड़ी में इस हफ्ते भी ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज होने जा रही है। जुलाई का आधा महीना खत्म हो चुका है और अब अगले आधे महीने में बड़ी-बड़ी फिल्में भी सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 भी शामिल हैं। लेकिन, इससे पहले बात करेंगे इस हफ्ते ओटीटी पर धमाल मचाने आ रहीं उन फिल्मों और सीरीज की, जिसका आप फैमिली संग लुत्फ उठा सकते हैं।

**द समर आई टर्न्ड प्रिटी** : अमेरिकी रोमांटिक टीवी सीरीज द समर आई टर्न्ड प्रिटी का तीसरा सीजन आगामी 16 जुलाई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रहा है। सीरीज की कहानी बेली और उसकी मां पर बेस्ड है, जिसमें जैकी चुंग, क्रिस्टोफर ब्रिनी, लोला तुंग और रेचल ब्लैंचर्ड जैसे स्टार नजर आएंगे।

**अनटैम्ड** : अगर आपको मर्डर मिस्ट्री फिल्में और सीरीज पसंद हैं तो इस हफ्ते





आपके लिए अनटैम्ड बेहतर ऑप्शन है। यह 17 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी. योसेमाइट नेशनल पार्क पर बेस्ड यह अमेरिकी मर्डर मिस्ट्री सीरीज है, जिसमें एरिक बाना और सैम नील लीड रोल में हैं।

**स्पेशल ऑप्स 2** : हिंदी ऑडियंस के लिए इस हफ्ते केके मेनन की मच अवेटेड सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज होने जा रही है। इसे आप 18 जुलाई को जियो हॉटस्टार भी देख सकते हैं। पहले यह सीरीज बीती 11 जुलाई को रिलीज होनी थी।

**कुबेर** : साउथ सिनेमा से धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म कुबेर अब थिएटर से उतकर ओटीटी पर आ रही है। बीती 20 जून को रिलीज हुई फिल्म कुबेर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 18 जुलाई को आ रही है।

**द भूतनी** : हॉरर-कॉमेडी फिल्मों के शौकीन के लिए फिल्म द भूतनी ओटीटी पर आने को तैयार है। संजय दत्त और मौनी रॉय स्टारर फिल्म द भूतनी को आप 18 जुलाई से जी5 पर देख सकते हैं।

# नई पारी शुरू करने जा रहीं श्वेता तिलोत्तमा के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मिर्जापुर' और फिल्म 'मसान' में बेहतरीन अदाकारी करने वाली अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब नई पारी शुरू करने के लिए तेयार हैं। वह जल्द ही प्रोडक्शन में डेब्यू करेंगी। वह अपनी पहली फीचर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' का प्रोडक्शन करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने 'पाताल लोक' की अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम के साथ हाथ मिलाया है। वैरायटी के मुताबिक फिल्म में विचित्र प्रेम कहानी दिखाई जाएगी और इसमें तिलोत्तमा शोम के साथ श्वेता त्रिपाठी भी होंगी। वैरायटी के मुताबिक श्वेता त्रिपाठी ने कहा 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए नहीं कि बतौर प्रोड्यूसर यह मेरी पहली फिल्म है बल्कि इसकी कहानी की वजह से।' उन्होंने आगे कहा 'प्रेम कहानियां बहुत ही ईमानदारी, खूबसूरती और सूक्ष्मता से बताई जानी चाहिए। चूंकि, इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम हैं, इसलिए यह और खास है। वह ना सिर्फ एक बेहतरीन





अभिनेत्री हैं बल्कि वह ऐसी इंसान हैं जिन पर मैं बहुत भरोसा करती हूं। लंबे समय से मैं चाहती थी कि हम साथ में काम करें। उनके बगैर मैं इस प्रोजेक्ट को शुरू नहीं कर सकती।' फिल्म में तिलोत्तमा शोम अहम किरदार निभाएंगी। इसका निर्देशन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर संजय नाग करेंगे।

## पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर छोड़ती है गहरी छाप

# ओम नमः शिवाय के सेट पर धीरज कुमार ने बैन कर दी थी सिगरेट

*नई दिल्ली। फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर धीरज कुमार अब नहीं रहे। उनका 79 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 15 जुलाई को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। ये कौन थे और इन्होंने किन फिल्मों और टीवी शोज को अमर बनाया, आइए जानते हैं। साथ ही पत्नी और बच्चों के बारे में बताते हैं।*



### खुद की शुरू की थी प्रोडक्शन कंपनी


धीरज कुमार का असल नाम धीरज कोचर था। वह एक भारतीय एक्टर, टीवी प्रोड्यूसर और डायरेक्टर थे। उन्होंने 1986 में क्रिएटिव आई लिमिटेड नाम की टीवी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की थी। उन्होंने कई बॉलीवुड और पंजाबी फिल्मों में काम किया था।

### टीवी शोज और फिल्में

धीरज कुमार का जन्म 1 अक्टूबर 1944 को हुआ था। इन्होंने 2003 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए घर संसार धारावाहिक में अमर का किरदार निभाया था। लेकिन, इसके पहले उन्होंने ओम नमः शिवाय, श्री गणेश, मिली, हमारी बहू तुलसी, मायका, जय मां वैष्णो, ये प्यार न होगा कम, गणेश लीला, नीम नीम शहद शहद, इश्क सुभान अल्लाह जैसे तमाम टीवी शोज को डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। धीरज कुमार ने बहारों फूल बरसाओ, हीरा पन्ना, रोटी कपड़ा और मकान, शिरडी के साईं बाबा, मांग भरो सजना, पुराना मंदिर, कर्म युद्ध, क्रांति, बेपनाह जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा वह फौजी, शेर पुत्तर, सेठी मुराद, चोरन नू मोर जैसी पंजाबी फिल्मों में दिखाई दिए थे।

### पत्नी और बच्चे

धीरज कुमार की शादी जूबी कोचर से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, बेटे का नाम सिद्धांत और बेटी का नाम सिमरन है। धीरज कुमार ने 1996 में आए ओम नमः शिवाय को बनाया था। उन्होंने बताया था कि इसके लिए उन्होंने 9 साल रिसर्च की थी। 1987 में ही उन्होंने इस शो बनाने के लिए शोध शुरू कर दिया था। कई नामी लेखकों के साथ मिलकर इसे तैयार किया था।



### 43 फिल्मों में किया था काम

धीरज कुमार ने 2008 में बताया था कि उन्होंने 43 फिल्मों में काम किया है। जिसमें से 19 पंजाबी हैं। उसमे उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 एनिमेशन फिल्में बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। पहली फिल्म में सालभर का वक्त लगेगा। अब उन्होंने बनाई या नहीं, इसकी जानकारी मौजूद नहीं।

### सेट पर बनाए थे सख्त नियम

धीरज कुमार ने बताया था वह और उनकी पत्नी ओम नमः शिवाय की प्रोड्यूसर थीं। जब वह सेट पर थे तो भगवान शिव के प्रति अपना सम्मान दिखाने के लिए सभी लोग कुछ नियम का पालन करते थे। वो लोग सात्विक भोजन करते थे और वहां स्मोकिंग बैन थी। धीरज कुमार ने बताया था कि वह जिस स्टूडियो में शूटिंग करते थे। वहां भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की थी। उनकी जगह कभी बदली नहीं गई। शूटिंग करने से पहले रोजाना उनके सामने पूजा करते और फिर काम शुरू करते थे।

### लिम्का बुक में दर्ज है नाम

मां वैष्णो देवी शो बनाने पर धीरज कुमार ने 2008 में एक इंटरव्यू में बताया था, ऐसे पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर गहरी छाप छोड़ती है। हमने 4500 घंटे का प्रोग्राम बनाया है, जिसमें से 700 घंटे तो सिर्फ मैथोलॉजिकल शोज पर ही बनाए हैं। हमारा नाम लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है।

**खबर संक्षेप**

## पीजी कॉलेज में फिजिकल काउंसलिंग आज

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष की रिक्त व छूटी हुई सीटों पर फिजिकल काउंसलिंग 16 जुलाई को की जाएगी। जिसका समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक का रहेगा। वे सभी अभ्यर्थी जिन्होंने पहले ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन अब तक प्रवेश नहीं ले पाए हैं या जिनका नाम वेटिंग सूची में आया था, वे निर्धारित समय पर समस्त आवश्यक दस्तावेजों की मूल व सत्यापित प्रतियों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

## अवैध हथियार दिखाने के मामले में आरोपित काबू

**नारनौल।** आपस में हुई कहासुनी को लेकर अवैध हथियार दिखाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस ने आरोपित संदीप वासी बड़कोदा को गिरफ्तार किया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने आरोपित से एक अवैध देसी पिस्टल बरामद किया है। मामले में पुलिस ने चार जिंदा कारतूस मौके से बरामद किए थे। शिकायतकर्ता राजू निवासी बड़कोदा ने थाना सदर में शिकायत दी कि 13 जुलाई की शाम को वह उसके दोस्त के साथ बैठा था। इतने में संदीप शराब के नशे मे वहा आया और बोला कि आज एक मर्डर करना है।

### लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुनील ग्रोवर, लक्ष्मी नारायण व पूर्ण कुमार ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ

# आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सचिवालय में लगी जन जागरूकता प्रदर्शनी

- डीसी अभिषेक मीणा व भाजपा जिलाध्यक्ष डा.वंदना पोपली रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

संविधान हत्या दिवस के तहत आपातकाल लगाए जाने के 50 वर्ष पूर्ण होने पर सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से जिला मुख्यालय स्थित लघु सचिवालय परिसर में जन जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई। तीन दिवसीय जन जागरूकता प्रदर्शनी का शुभारंभ डीसी अभिषेक मीणा व भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली की उपस्थिति में लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुनील ग्रोवर, संघ के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण व सदस्य पूर्ण कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

सचिवालय में पहुंचे लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और आपातकाल के दौरान दी गई यातनाओं की जानकारी ली व लोकतंत्र के बचाव के लिए लोकतंत्र प्रहरियों की भूमिका का प्रदर्शनी में किया गया उल्लेख भी देखा। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि लोकतंत्र प्रहरी के रूप में आपातकाल में लोकतंत्र प्रहरियों की ओर से निभाई गई जिम्मेदारी सराहनीय है। उन्होंने बताया कि आपातकाल, भारतीय लोकतंत्र के काले अध्याय के 50 वर्ष पूरे होने पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से 25 जून 1975 को अपने राजनीतिक अस्तित्व और सत्ता को बचाने के उद्देश्य से तत्कालीन सरकार द्वारा सम्पूर्ण देश पर थोपा गया आपातकाल भारतीय इतिहास का सबसे काला, वीभत्स और लोकतांत्रिक अध्याय है, प्रदर्शनी के माध्यम से स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को गहरा आघात पहुंचाने के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी के माध्यम से भारत में प्राचीन काल से चली आ रही लोकतंत्र की जड़ें, लोकतांत्रिक परंपराओं के मूल में बसे जन-केंद्रित दृष्टिकोण और जन-भागीदारी, श्रेणिसंघ में लोकतंत्र का तत्व, ग्रामीण और शहरी इलाकों में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र, परामर्शी प्रथाओं और सामुदायिक भागीदारी से प्रभावित शासन, स्वतंत्र भारत और संसदीय प्रणाली व आपातकाल से ठीक पहले के समय के बारे में जानकारी दी गई है ताकि आज का युवा उस समय की परिस्थितियों के बारे में जागरूक हो सकें।





रेवाड़ी। सचिवालय में प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए, सचिवालय परिसर में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में हर वर्ग को सम्मान दिया जा रहा

भाजपा जिलाध्यक्ष डा.वंदना पोपली ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रहित में लोकतंत्र को बचाने में अपना योगदान देने वाले लोकतंत्र प्रहरियों को सामने लाकर उनका सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि आज से 50 वर्ष पूर्व हर वर्ग को बंधक बनाने का काम तत्कालीन सरकार ने किया था और उस दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए सचेत होने वाले राष्ट्र हितधारकों को जेलों में डाला गया था। महिला हो या युवा, बुजुर्ग हो या बच्चे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वालों की आवाज को दबाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में हर वर्ग को सम्मान दिया जा रहा है।

### सरकार ने दिया लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानः ग्रोवर

*हरियाणा लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुनील ग्रोवर ने हरियाणा सरकार की ओर से आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान की सराहना की है। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आज प्रदेश भर में जन जागरूकता की जो अलख जगाने का काम सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की मौजूदा सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों को पूरा सम्मान दिया है।*

### रेवाड़ी व कोसली में तीन दिन चलेगी प्रदर्शनी

*डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने बताया कि आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि व सम्मान देने के लिए सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से रेवाड़ी लघु सचिवालय परिसर व कोसली उपमंडल सचिवालय में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन 17 जुलाई तक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 25 जून 2025 से 25 जून 2026 तक देशभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर अनेक कार्यक्रम कराएं जाएंगे। इस अवसर पर पंडित हिमांशु पालीवाल, कुलदीप चौहान, समीर कालरा, दीपक अग्रवाल, सुरेश, डा. सौरभ यादव व सतीश मस्तान सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।*

# जांगिड़ समाज ने केंद्रीय मंत्री व बावल विधायक का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

बावल नगर पालिका में जांगिड़ ब्राह्मण समाज के जगन्नाथ जांगिड़ को पार्षद मनोनीत करने पर जांगिड़ समाज ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व बाबल विधायक डा. कृष्ण कुमार का आभार व्यक्त किया। जांगिड़ समाज के मीडिया प्रभारी धीरज शर्मा ने कहा कि सरकार ने समाज में जो विश्वास जताया हैं,समाज भी हर मौके पर उसमें खरा उतरेगा। इस मौके पर जिला प्रधान कैलाशचंद जांगिड़, विश्वकर्मा शिक्षा समिति के प्रधान हेमंत कुमार शर्मा, जांगिड़ ब्राह्मण समाज समिति के प्रधान राजकुमार जांगिड़ ,उप प्रधान नारायण दत्त जांगिड़, सचिव सुनील निसल, कोषाध्यक्ष सतपाल जांगिड़,धारूहेड़ा नगर पालिका के उप-चेयरमैन अजय कांत जांगड़ा, धारूहेड़ा से गिरधारी लाल, महेंद्र कुमार, जिला सभा के उप-प्रधान रविददत्त शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, बावल नगर पालिका के पूर्व उप- प्रधान विद्यासागर, मुकेश कुमार, विशाल व कमलकांत सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



रेवाड़ी। बावल विधायक का सम्मान करते हुए जांगिड़ समाज। फोटो :हरिभूमि

- सरकार ने समाज में जो विश्वास जताया हैं,समाज भी हर मौके पर उसमें खरा उतरेगा

# माउंट हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने खेलों में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हाल ही में आयोजित हुई सीबीएसई क्लस्टर जोनल योगासन प्रतियोगिता में माउंट हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के छात्र रोहित जाखड़ व चवन जाखड़ ने सफलता हासिल कर नेशनल प्रतियोगिता में शामिल होने उपलब्धि हासिल की है। दोनों छात्र योगासन में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुए और अब जिले का ही नहीं, बल्कि प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके अलावा विद्यालय की दो छात्रा नेहल व तन्नू ने रेवाड़ी में आयोजित पेनकैक सिलॉट ताइक्वांडों टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक हासिल कर राज्य स्तरीय ताइक्वांडों प्रतियोगिता में स्थान पक्का किया। नेहल ने पिछले साल भी राष्ट्रीय स्तर ताइक्वांडों प्रतियोगिता में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। स्कूल के चेयरमैन प्रवीण गोयल और प्रिंसिपल समर कुमार ने छात्रों व उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।



रेवाड़ी। प्रतियोगिता में योगकला का प्रदर्शन करते हुए छात्र।



# दुकानदारों को कपड़े के थैलों का निःशुल्क वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि टीम की ओर से मंगलवार को बड़ा तालाब स्थित हनुमान मंदिर परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें नागरिकों और दुकानदारों को कपड़े के थैलों का निःशुल्क वितरण किया गया। अभियान का उद्देश्य बढ़ते पॉलीथिन के प्रदूषण को रोकना और लोगों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराना था। टीम के सदस्य रविन्द्र, ममता, कुसुम, रोहित, श्रुति शर्मा, सेवा भारती से नरेंद्र, त्रिभुवन कौशिक तथा ईको आर्मी से सोवित ने लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर टीम के सदस्यों ने पॉलीथिन के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कपड़े के थैले न केवल पर्यावरण के लिए सुरक्षित हैं, बल्कि लंबे समय तक उपयोगी भी होते हैं। इस मौके पर नागरिकों ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

# कांवड़ियों के लिए सेवा शिविर शुरू



रेवाड़ी। कांवड़ शिविर के शुभारंभ पर हवन करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

शिवरात्रि पर्व पर जिले के अनेक क्षेत्रों से श्रद्धालु कांवड़ लाने हरिद्वार व गंगोत्री धाम पर पहुंचे हुए हैं। शिव भक्त कांवड़ लेकर वापस आने भी शुरू हो गए है। कांवड़ियों की सेवा के लिए श्रद्धालुओं व संगठनों की ओर से अनेक जगह शिविर लगाए जा रहे है। मंगलवार को गांव अलावलपुर के बस स्टैंड पर हवन करके शिविर का शुभारंभ किया गया। वहीं नंदरामपुर बांस रोड पर करनेश वाटिका में गांव ततारपुर खालसा के लोगों की ओर से कांवड़ शिविर का शुभारंभ पंडित विद्यानंद शास्त्री ने हवन से करवाया। मुख्य अतिथि दंपति उमेद व संतोष ने हवन में आहुतियां डाली। शिविर का आयोजन 23 जुलाई शिवरात्रि तक किया जाएगा। इस अवसर पर सतीश यादव, शीशपाल, राम सिंह, रत्न सिंह, भगतराम, किशन, पूर्व सरपंच भोम यादव व जीतराम सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। शिविर में कांवड़ियों कांवड़ियों के लिए विशेष प्रबंध किए गए है।



रेवाड़ी। खरखड़ा के बस स्टैंड पर कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ करते हुए।

# कांवड़ियों के लिए खरखड़ा बस स्टैंड पर सेवा शिविर का शुभारंभ

**धारूहेड़ा।** सावन के पवित्र माह में मंगलवार को दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव खरखड़ा बस स्टैंड पर कांवड़ियों की सेवा के लिए शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में कांवड़ियों के लिए भोजन, ठंडा जल, फल, प्राथमिक चिकित्सा व विश्राम की सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। सेवा शिविर की शुरूआत भगवान भोलेनाथ की पूजा व आरती के साथ की गई। इस मौके पर ग्रामीण, युवा और सामाजिक संगठनों के सदस्य मौजूद थे। शिविर में सहयोग कर रहे स्वयंसेवकों ने कहा कि सावन का महीना भक्ति के साथ सेवा का अवसर भी लाता है।



रेवाड़ी। अस्पताल की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

## धरना किसी राजनीति से प्रेरित नहीं, सभी का किया जा रहा पूरा मान-सम्मानः अनिल कुमार

**रेवाड़ी।** रामगढ़ भवानपुर में सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी का 29 दिन से लगातार चल रहा है। धरने पर प्रतिदिन अलग-अलग गांवों से लोग शामिल हो रहे हैं। मंगलवार को धरने पर रामगढ़ भगवानपुर के अलावा बुड़ाना, बुड़ानी, फिदेड़ी, तुर्कियावास, बालियर खुर्द, बालियर कंला, फदनी, मीरपुर, गोकुलपुर, कुम्भावास, सुनारिया व जाट खलीलपुर गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा जब तक सरकार मांग को नहीं मान लेती, तब तक अनिश्चितकाल धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अब केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह धरने को राजनीतिकरण बता रहे हैं, जबकि गांव के साथ वादा खिलाफी की गई है। उन्होंने कहा कि यह धरना किसी राजनीति से प्रेरित नहीं है। धरने पर सभी पार्टी के नेता आ रहे है। हमारी संस्कृति और हमारे संस्कार हमारे को यह नहीं सिखाते की घर पर आए हुए व्यक्ति का अपमान करें। धरने पर कॉमरेड राजेंद्र, सतीश यादव कुलदीप यादव, कॉमरेड शमशेर सिंह मीरपुर, लालसिंह, रामकुमार, मोहर सिंह, खजान सिंह पूर्व सरपंच, महीपाल सिंह फदनी, शीशपाल, नरेश, मास्टर प्रेम प्रकाश, नवल सिंह, गजराज सिंह यादव, राज, सतीश सरपंच, नरेश फोरमैन, अनिल सरपंच गोकुलपुर, इंद्रजीत, सत्यवीर सरपंच, अभय सिंह, सिंह फिदेडी, इंद्रजीत नंबरदार, राजकुमार, राजबीर, वीरेंद्र सिंह, रोशनलाल, रामनारायण, कृष्णा देवी भगवानपुर सरपंच, कविता, सुशीला, मुकेश, रमेश, शीला, मोनिका, निर्मला, ज्ञानवती, बीरमती आदि मौजूद रहे।

# आरकेसी के छात्रों ने सीबीएसई क्लस्टर गेम्स में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले के गांव बोहतवास अहीर स्थित राव खेमचंद स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-15 कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। स्कूल के खिलाड़ियों ने कड़े मुकाबले में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल स्टाफ ने बच्चों को उनकी मेहनत और लगन के नलए मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन देवेन्द्र यादव, प्रधानाचार्य प्रदीप यादव, काउंसलर ओपी यादव, कोआर्डिनेटर अभय सिंह और कबड्डी कोच राहुल मौजूद थे। सभी ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और भविष्य में भी इसी तरह आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्कू ल प्रबंधन और शिक्षकों ने विजेता छात्रों को बधाई दी।



रेवाड़ी। स्कूल में खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### मुख्य अतिथि का फूलमालाओं व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया

# बिजली पेंशनर्स की मासिक बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन अग्रसेन अस्पातल प्रांगण में किया गया। बैठक की अध्यक्षता ओमप्रकाश डाबला ने की, जबकि मंच का संचालन एसोसिएशन के प्रधान नरेंद्र कुमार रोहिल्ला ने किया।

कार्यक्रम में बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता प्रदीप कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ निगम के सर्कल सुपरिंटेंडेंट हरपॉल यादव सहित कई अधिकारी भी मौजूद थे। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि का फूलमालाओं व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। सर्कल सुपरिटेंडेंट का भी पटका पहनकर स्वागत किया गया। इस मौके पर रिटायर्ड बिजली कर्मियों ने अधीक्षण अभियंता के समक्ष अपनी प्रमुख समस्याओं को रखा, जिन पर गंभीरता से विचार किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि सभी सम्मानित सेवानिवृत्त सीनियर साथी हैं, जिन्होंने बिजली निगम को अपनी मेहनत के बल पर भारत के राज्यों में उन्नति पर अग्रिम स्थान दिलाया है। उन्होंने सभी समस्या का हरसंभव समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक बुधराम पंवार, बीडी यादव, सत्य प्रकाश आर्य, एस एन गोयल सचिव, प्रभूदयाल सह सचिव, जिले सिंह, सुरेन्द्र यादव, राम किशन, महावीर सिंह, एम पी शर्मा, राजेंद्र शर्मा रामपाल, राजेंद्र शर्मा, जसवंत छाबड़ा, हरिओम, जगदीश चंद, मंगल सिंह, लाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, धर्म सिंह, मामन सिंह, ऋषि लाल, ईश्वर सिंह, सूरजभान, संतराम, जिले सिंह, जय गोपाल, सूरत सिंह, शेर सिंह, एल सी चांदना, ओमप्रकाश सोलंकी व राजेंद्र सिंह उपस्थित थे। बैठक में राजेंद्र सिंह एसएसए कैशियर व दो महिला सदस्य गायत्री देवी व कलावती देवी को यूनिट कार्यकारिणी में शामिल किया गया।



रेवाड़ी। पेंशनर्स को संबोधित करते बिजली निगम के एसई प्रदीप कुमार।

## खबर संक्षेप



### निजी सचिव की माता के निधन पर जताया शोक

**रेवाड़ी।** केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को गांव मोहम्मदपुर में पहुंच कर निजी सचिव नरेश कुमार की माता रुक्मणि देवी के निधन पर शोक जताया तथा शोक संतप्त परिवार का ढांढस बंधाया। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जीवन और मृत्यु इस जीवन के दो कटु सत्य हैं। उन्होंने भगवान से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की भी प्रार्थना की।

### आईजीयू में दाखिले के लिए 28 तक करें आवेदन

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में विभिन्न शैक्षणिक विभागों में सत्र 2025-26 के दूसरे चरण के दाखिले के लिए अभ्यर्थी बीएससी (ऑनर्स-ऑनर्स विद रिसर्च) गणित, रसायन विज्ञान (एसएफएस के अंतर्गत), बीएचएमसीटी, एमए (अंग्रेजी/हिंदी/इतिहास/राजनीति विज्ञान/योग/अर्थशास्त्र),एमसीए, एमकॉम 2 वर्षीय, एमएससी गणित कंप्यूटर साइंस, एमएससी भौतिकी/पर्यावरण विज्ञान/मनोविज्ञान में प्रवेश के लिए 28 जुलाई तक विवि की वेबसाइट से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

नारनौल रोड व झज्जर बाइपास की राजस्व सीमा में बिना अनुमति निर्माण करने वालों पर गिरी गाज

# अवैध निर्माणों पर डीटीपी प्रहार, गोदामों और मेरिज पैलेस पर चला बुलडोजर

ग्रीन बेल्ट भी की साफ दो जगह चार एकड़ के निर्माण को किया गया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने मंगलवार को रेवाड़ी-झज्जर बाइपास व रेवाड़ी-नारनौल रोड पर अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की कार्रवाई के दौरान अवैध गोदाम व मेरिज पैलेस ध्वस्त किए गए। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम झज्जर बाइपास पर लाधूवास गुर्जर की सीमा में पहुंची, जहां डीटीपी की टीम ने करीब 2 एकड़ जमीन पर अवैध रूप से विकसित किए जा रहे गोदामों को ध्वस्त कर दिया। डीटीपी की टीम ने रेवाड़ी-नारनोल रोड पर गांव मनेठी की राजस्व सीमा में करीब 2 एकड़ में विकसित हो रहे अवैध मेरिज पैलेस को भी जमींदोज कर दिया। यहां पर डीटीपी की टीम ने 30 मीटर की ग्रीन बेल्ट में अवैध निर्माणों पर भी तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। प्रदेश सरकार नई कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों पर सख्त रुख अपना रही है। इसके लिए जिला स्तर पर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हुए हैं। इसके बावजूद प्रॉपर्टी डीलर व कॉलोनाइजर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। लोगों को जल्द कॉलोनी नियमित होने का झांसा देकर महंगे दामों पर प्लॉट बेचे जा रहे हैं।



रेवाड़ी। अवैध निर्माण गिराती डीटीपी की जेसीबी। फोटो : हरिभूमि





### अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें: डीटीपी



डीटीपी मंदीप सिंह सिहाग ने कहा कि आमजन प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीकर मकान बनाने वाले लोगों को तोड़फोड़ के बाद दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले विभागीय कार्यालय से यह पता करना चाहिए कि जहां वह प्लॉट खरीद रहे हैं, वह कॉलोनी रेगुलर है या नहीं। अभी नई कॉलोनियों को रेगुलर को करने की सरकार की कोई योजना नहीं है।



रेवाड़ी। प्रदर्शनी में लोगों को जानकारी देते एसडीएम विजय कुमार यादव।

## लोकतंत्र में लागू किए जाने वाले निर्णयों में जनप्रतिनिधि की अहम भूमिका: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के लघु सचिवालय परिसर में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से संविधान हत्या दिवस की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित की गई तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन एसडीएम विजय कुमार यादव ने किया। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार तथा नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से यह प्रदर्शनी लगाई गई है। एसडीएम विजय कुमार यादव ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि भारत देश में लोकतंत्र की समृद्ध परंपरा रही है।

चोल वंश के समय ग्राम स्तर पर भी समितियां बनाकर उनको गांव की भलाई के लिए काम कराने के अधिकार दिए गए थे। लोकतंत्र की विशेषता यह है कि इसमें सरकार द्वारा लागू किए जाने वाले निर्णयों में जनप्रतिनिधि की अहम भूमिका रहती है। अर्थात जनता के नुमाइंदे आम जन के हित को ध्यान में रखते हुए नीतिगत निर्णय लेते हैं। इसलिए हर चुनाव में लोगों को अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करना चाहिए। एसडीएम ने कहा कि वर्तमान सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर महिलाओं को परिसीमन के बाद होने वाले चुनावों में 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की व्यवस्था की है। आने वाले समय में संसद तथा विधानसभा में महिलाओं की मजबूत भागीदारी रहेगी। इसी प्रकार मतदान के समय वीवीपैट मशीन के माध्यम से यह पारदर्शी व्यवस्था की गई है कि वोटर अपने दिए गए वोट की पड़ताल कर सकता है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य दयानंद भारद्वाज, उप अधीक्षक राजेश कुमार, नरेश यादव, अनीता सिंह, दलसिंह आर्य, विक्रम व देवेंद्र सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## चाइनीज मांझा से पतंग उड़ाने और बेचने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

- एक लाख रुपये लग सकता जुर्माना

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि हरियाली तीज पर्व के अवसर पर काफी लोग पतंगबाजी करना पसंद करते है, लेकिन पतंग उड़ाते समय अगर कुछ सावधानियां न बरती जाए तो यह खुद के साथ-साथ दूसरे लोगों के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है, क्योंकि कई युवक पतंग उड़ाने के लिए धारदार चाइनीज मांझे का इस्तेमाल करना पसंद करते है जोकि काफी खतरनाक साबित हो सकता है। यह मांझा लोगों के लिए जानलेवा भी साबित होता है तथा क्षण भर में ही यह शरीर अंगों को काट देता है। प्रति वर्ष चाइनीज मांझे से कई घटनाएं सामने आती है। यही कारण है कि प्रशासन ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया हुआ है, इसलिए पतंग उड़ाने वालों युवकों उड़ान से पहले अपने धागे की जांच-परख करनी होगी कि कहीं वे जिस मांझे का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह चाइनीज मांझा तो नहीं है।

एसपी मीणा ने बताया कि चाइनीज मांझा कॉटन फैब्रिक से न बनाकर कई केमिकल से बनाया जाता है। चाइनीज मांझा पतंग उड़ाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली ग्लास लेपित सिंथेटिक धागा है, जो पर्यावरण के साथ-साथ पशु-पक्षियों और इंसानों के लिए भी बेहद हानिकारक है। इस तरह की पतंग डोर पर पूरी तरह से प्रतिबंधित है। ये प्रतिबंध इंसानों, पक्षियों, जानवरों और पर्यावरण को नुकसान से बचाने के लिए लगाए गए है। एसपी ने कहा कि चाइनीज मांझे के वितरण और स्टॉकिंग में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीमें चौबीसों घंटे काम कर रही हैं। हाल ही में शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चाइनीज मांझा के भंडारण करने का एक मामला भी दर्ज किया गया हैं। चाइनीज मांझे का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ एक लाख रुपये का जुर्माना और पांच साल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को भी चाइनीज मांझे के इस्तेमाल या भंडारण के बारे में जानकारी मिलती है, तो वह 112 डायल करके पुलिस के साथ साझा करे।

## बिजली उपभोक्ताओं के लिए लगा खुला दरबार

- दस शिकायतों का मौके पर हुआ निपटान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली सचिवालय परिसर में मंगलवार को बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए खुले दरबार का आयोजन किया गया। कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार ने दस उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुना और उनका मौके पर ही निपटारा किया गया। कार्यकारी अभियंता ने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान करने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के कैंप लगाए जाते हैं। शिविर में उपभोक्ताओं के गलत बिल, मीटर रीडिंग संबंधी शिकायतों, बिजली कनेक्शन, कम वोल्टेज की समस्या व ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने से संबंधित दस शिकायतों का मौके पर ही निवारण किया गया। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में आम नागरिकों को बिजली लाइनों से दूर रहना चाहिए। इनसे करंट लगने का खतरा बना रहता है। घर में या गली में बिजली चली जाए तो बिजली विभाग से किसी कर्मचारी को बुलाएं, उसे खुद ठीक करने का प्रयास न करें। इसी प्रकार घर के बिजली उपकरणों जैसे इन्वर्टर, फ्रिज व हीटर से छोटे बच्चों को दूर रखें।



रेवाड़ी। बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत सुनते हुए कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार। फोटो : हरिभूमि

## सीहा स्कूल के लिए एक करोड़ से ज्यादा की ग्रांट हुई मंजूर

- विधायक का जताया आभार

**रेवाड़ी।** गांव सीहा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चारदिवारी, प्रयोगशालाओं तथा खेल परिसर के विकास के लिए शिक्षा विभाग ने एक करोड़ 14 लाख 48 हजार रुपए की अनुदान राशि मंजूर की है, जिसके लिए विद्यालय परिवार के अलावा ग्राम पंचायत तथा विभिन्न संगठनों ने कोसली के विधायक अनिल यादव का आभार जताया है। विद्यालय के स्टाफ सचिव यशपाल आर्य ने बताया कि प्राचार्य तथा ग्राम पंचायत की ओर से कोसली विधायक को विद्यालय की अधूरी चारदिवारी, खेल परिसर के विकास तथा प्रयोगशालाओं के बारे में मांग पत्र सौंपा था, जिसे उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया है। उन्होंने बताया कि प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया के दो वर्ष के कार्यकाल में करीब दो करोड़ रुपए की अनुदान राशि विद्यालय के विभिन्न विकास कार्यों के लिए मंजूर की जा चुकी है।



रेवाड़ी। कोसली विधायक का आभार जताते हुए सीहा की ग्राम पंचायत।

## पतंजलि परिवार के संगठनों में कई प्रभारी हुए चयनित

**रेवाड़ी।** मंगलवार को अंसल टाउन स्थित गोक्रांति गोशाला में पतंजलि परिवार की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। वरिष्ठ योग शिक्षक दयाराम पूर्व सरपंच बगथला की अध्यक्षता में भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति, युवा भारत व किसान सेवा समिति के सदस्यों ने बैठक में भाग लिया।

डा. युद्धवीर आर्य सचिव हरियाणा योग खेल संघ तथा प्रदीप डागर पूर्व राज्य प्रभारी युवा भारत के सान्निध्य में पतंजलि परिवार के सभी संगठनों के विस्तार को लेकर आयोजित बैठक में अनेक प्रभारियों का चयन किया गया।

## सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**रेवाड़ी।** भारत सरकार ने देश की एकता और अखंडता के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देने वाले नागरिकों, संस्थाओं और संगठनों को सम्मानित करने के लिए सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया आरंभ कर दी है। यह पुरस्कार भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में स्थापित किया गया है, जिन्होंने स्वतंत्र भारत के निर्माण में राज्यों के एकीकरण की दिशा में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि यह पुरस्कार उन व्यक्तियों और संस्थाओं को प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामूहिकता को मजबूत करने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हों।

## नशा मुक्त समाज बनाने में दें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस की ओर से जिले को नशा मुक्त करने के लिए अथक प्रयास निरंतर जारी है। मंगलवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गवर्नमेंट स्कूल गांव खेडा मुरार, नांगल शहबाजपुर, नंगली परसापुर व गांव रायपुर में विद्यार्थियों व आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी तथा नशा न करने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर रामपाल ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई के विरुद्ध सामाजिक आंदोलन चलाने की आवश्यकता है। इसलिए समाज का प्रत्येक नागरिक नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका अदा करें। नशा एक अभिशाप है, इसका मिलकर बहिष्कार करें। उन्होंने कहा कि पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर नशे संबंधी सूचना दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध इस युद्ध में सभी पुलिस का सहयोग करें। अगर किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिले में नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है ताकि समाज से नशे का खात्मा किया जा सकें।



रेवाड़ी। स्कूल में शपथ दिलाते हुए पुलिस की नशा मुक्त टीम। फोटो : हरिभूमि

## राजपूत समाज ने किया वंदना पोपली और कुलदीप चौहान का सम्मान

**रेवाड़ी।** मंगलवार को भाजपा कार्यालय में राजपूत समाज के प्रतिनिधियों ने राजपूत समाज के कुलदीप चौहान को जिला महामंत्री बनाए जाने पर भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली का साफा पहनाकर आभार प्रकट किया। राजपूत समाज ने पीतल की गदा और साफा भेंटकर से जिला महामंत्री कुलदीप चौहान को भी सम्मानित किया। इस मौके पर अरुण तंवर धारण ने जिला अध्यक्ष वंदना पोपली को संघर्षशील व निष्ठावान तथा महामंत्री कुलदीप चौहान व हिमांशु पालीवाल को मेहनती व पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ता बताया। राजपूत समाज ने जिला अध्यक्ष को समाज का हरसंभव साथ देने का विश्वाश दिलाया। इस मौके पर धारण से राजेश सरपंच, कल्याण सिंह,अनिल, टांकड़ी से रमेश चौहान, जोध सिंह, खेड़ा से वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश चौहान, कढु से पवन चौहान व गांव मान से राजेश चौहान सहित काफी संख्या में राजपूत समाज के लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। वंदना पोपली व कलदीप चौहान का सम्मान करते हुए राजपूत समाज।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

बैठक | कुप्रथा को रोकने के लिए समाज के सभी लोगों को जागरूक करना जरूरी

# खंड डहीना के ग्यारह गांवों के प्रतिनिधियों ने सामाजिक कुप्रथा मृत्यु भोज को बंद करने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डहीना

सामाजिक संगठन आवाज फाउंडेशन की अगुवाई में गांव सीहा में अनुसूचित जाति के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीहा, ढाणी ठेठर बाढ़, निमोठ, कंवाली, गोठड़ा टप्पा डहीना, लिसान, दखोरा, फतेहपुरी, दड़ौली तथा खुशपुरा सहित ग्यारह गांवों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता सीहा गांव के वरिष्ठ नागरिक जय नारायण ने की। बैठक में समाज में फैली कुप्रथा मृत्युभोज यानि तेरहवीं के भोज को बंद करने के लिए विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर समाज की ओर से सर्वसम्मति से मृत्युभोज को बंद करने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि इस कुप्रथा को रोकने के लिए समाज के सभी लोगों को जागरूक करना, कानूनी प्रावधानों का पालन करना और वैकल्पिक तरीकों को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मृत्युभोज को बंद करना एक लंबी प्रक्रिया जरूर है और इसमें समय और प्रयास लगेगा, लेकिन अगर समाज के सभी लोग मिलकर काम करें तो जल्दी ही इस कुप्रथा को बंद किया जा सकता है। आवाज फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र रंगा लिसानिया व प्रदेश महासचिव सूबेदार मेजर सत्य नारायण सांभरिया निमोठ ने कहा कि हमारे समाज में अनेक कुप्रथाएं प्रचलित हैं, समाज के ही कुछ ठेकेदारों ने अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए इन मनगढंत कुप्रथाओं का चलन शुरू किया था। इन्हीं कुप्रथाओं में एक मृत्युभोज यानि काज भी है। उन्होंने कहा कि जिस इंसान के परिवार ने एक सदस्य को खोया हो और घर में मातम छाया हो, उसके सिर पर समाज को भोजन कराने का आर्थिक बोझ अलग से डालना अमान्यवियता है। आज हर कोई सिर्फ दिखावे के नाम पर इस कुप्रथा को आगे बढ़ाने के लिए मजबूर हैं। सभी लोगों ने जागरूकता अभियान को जन आंदोलन का रूप देने पर सहमति जताई। बैठक में उपस्थित ग्यारह गांवों के सभी प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर युक्त लिखित प्रस्ताव पास किया तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आज के बाद मत्युभोज नहीं किया जाएगा।



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद 11 गावों के प्रतिनिधि।